# रोटरी ट्रस्ट को मिली आधुनिक एम्बुलेंस

- 48 लाख की एम्बुलेंस विधायक निधि से उपलब्ध
- गंभीर मरीजों को मिलेगी त्वरित चिकित्सा सुविधा
- मंत्री काश्यप ने फीता काटकर किया लोकार्पण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** गंभीर हृदय रोगियों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विधायक निधि से प्रदत्त अत्याधुनिक कार्डियक एम्बुलेंस का रविवार को लोकार्पण किया गया। रोटरी क्लब रतलाम मंडल-3040 एवं रोटरी सोशल वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने एम्बुलेंस का शुभारंभ किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री काश्यप ने कहा कि रोटरी ने सेवा के क्षेत्र में स्वयं को विश्व स्तर पर स्थापित किया है। गंभीर मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना मानव सेवा का श्रेष्ठ कार्य है, जिससे समाज में सेवा के नए आयाम स्थापित होते हैं। उन्होंने कहा कि रतलाम मेडिकल कॉलेज में कार्डियक सर्जरी सुविधा शुरू कराने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। रोटरी सोशल वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रद्युम्न मजावदिया ने बताया कि करीब 48.62 लाख रुपये लागत की इस कार्डियक एम्बुलेंस में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण लगाए गए हैं। इसका संचालन रोटरी ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा तथा मरीजों को न्यूनतम दरों पर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि विधायक निधि से पूर्व में प्राप्त एम्बुलेंस ने पिछले तीन वर्षों में ढाई हजार से अधिक मरीजों को सेवाएं प्रदान करते हुए साढ़े तीन लाख किलोमीटर से अधिक दूरी तय की है।



कार्यक्रम में रोटरी मंडलाध्यक्ष सुखदेव सिंह घुम्मन, संस्कार कोठारी, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविंद काकानी, पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, सीएमएचओ डॉ. संध्या बेलसरे सहित रोटरी ट्रस्ट और क्लब के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के अंत में मंत्री चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया गया।

# 21 वर्षों से निर्विरोध चुनाव, फिर बनी सर्वसम्मति

- श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ में निर्विरोध चुनाव संपन्न
- बाफना अध्यक्ष एवं मेहता महामंत्री मनोनीत



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, नीमचौक की साधारण सभा की बैठक रविवार को जैन स्थानक में संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यकाल 1 जनवरी 2027 से 31 दिसंबर 2028 तक के लिए संघ के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। संघ के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में विनोद बाफना को अध्यक्ष तथा प्रकाश मेहता को महामंत्री मनोनीत किया गया।

बैठक की अध्यक्षता वर्तमान संघ अध्यक्ष अजय खिमेसरा ने की। उन्होंने स्वागत उद्बोधन देते हुए संघ की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी तथा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान संघ रत्न इंदरमल जैन, संघ गौरव महेंद्र बोथरा, मणिलाल कटारिया, सुरेश कटारिया एवं प्रेम मोगरा ने संघ संचालन और विकास से जुड़े सुझाव रखे, जिन्हें सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

बैठक में अजय खिमेसरा ने आगामी अध्यक्ष पद के लिए विनोद बाफना का नाम प्रस्तावित किया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वानुमति से मंजूरी दी। मनोनयन के बाद विनोद बाफना ने संघ का आभार व्यक्त करते हुए महामंत्री पद के लिए प्रकाश मेहता के नाम की घोषणा की। संघ के मीडिया प्रभारी निलेश बाफना ने बताया कि वर्ष 2006 से पूज्य गुरुदेव मोहनमुनि महाराज की प्रेरणा से संघ में निर्विरोध चुनाव की परंपरा चली आ रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक के अंत में महामंत्री विनोद कटारिया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### जैविक हाट बाजार में 37950 रुपए से अधिक के जैविक उत्पादों को लोगों ने खरीदा

**रतलाम।** परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नर्गेश ने बताया कि रविवार को जिले में आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने अपने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया। हाट बाजार में कुल 7 जैविक कृषक अपने उत्पाद लेकर पहुंचे और उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक जैविक उत्पादों की खरीदारी की। धामनोद से आए किसान चंद्रभानु द्वारा अनाज, दालें, सब्जियां, फल, केसर आम एवं मूंगफली का 18000 रुपये का विक्रय किया गया। उमेश धाकड़ (बांगरोद) द्वारा घी एवं दूध 1000 रुपये का, दिलीप धाकड़ सादा खेड़ी द्वारा शहद 5050 रुपए का, दिलीप पाटीदार (करिया) द्वारा देसी घी 10000 रुपये का, नर्सिंग कालजी पीपलघाटी द्वारा जैविक सब्जियां 2000 रुपए का, तेजराम सांखला द्वारा जैविक सब्जियां एवं प्रवीण पाटिल रतलाम द्वारा जैविक सब्जियां का विक्रय किया गया। जैविक हाट बाजार में कुल 37950 रुपये से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय हुआ।

### भक्ति, सेवा और श्रद्धा के संग संपन्न हुआ संत सहजराम साहिब स्मृति महोत्सव



**रतलाम।** सिंधी सनातन धर्म मंदिर एवं सिंधी गुरुद्वारा न्यू रोड में आयोजित सात दिवसीय संत सहजराम साहिब स्मृति दिवस का रविवार को धार्मिक अनुष्ठानों, भजन-कीर्तन और भंडारे के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और श्रद्धापूर्वक संत सहजराम साहिब को नमन किया। समिति सचिव मन्नू शिवानी ने बताया कि गुरु नानक देवजी की कृपा, संत बाबा हिरदाराम जी के आशीर्वाद तथा परम श्रद्धेय सिद्धभाऊ जी की प्रेरणा से 31 मई से स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ हुआ था। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब के सहज पाठ की सेवा आरंभ की गई थी, जिसका भोग रविवार को लगाया गया। समापन दिवस पर सुबह सुखमनी पाठ साहिब का आयोजन हुआ। इसके पश्चात गुरु ग्रंथ साहिब के सहज पाठ का भोग लगाया गया। सात दिनों तक नागपुर की दादी सुशीला देवी द्वारा पाठ एवं संगत के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। समापन अवसर पर आयोजित भव्य भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भजन-कीर्तन में सहभागिता की। इस अवसर पर गुरुद्वारा समिति अध्यक्ष भजनलाल परमानी, उपाध्यक्ष किशन त्रिलोकचंदानी, सचिव मन्नू शिवानी, कोषाध्यक्ष लालचंद भम्मानी सहित समिति पदाधिकारी, महिला समिति सदस्य एवं बहराणा मंडली के सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन के सफल संचालन में समाजजनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ओशीन परिसर में बही भक्ति की गंगा, श्रीराम-कृष्ण जन्मोत्सव पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** पुरुषोत्तम (अधिक) मास के पावन उपलक्ष्य में ओशीन परिसर में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कथा व्यास पंडित कुलदीप गुरु ने अपने मुखारविंद से गजेंद्र मोक्ष प्रसंग, भगवान श्रीराम के प्राकट्य तथा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का अत्यंत भावपूर्ण और प्रेरणादायी वर्णन किया। कथा के दौरान पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर भगवान के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान करते रहे। पंडित कुलदीप गुरु ने गजेंद्र मो्क्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब जीव अपने अहंकार और सांसारिक आसक्तियों को छोड़कर सच्चे मन से भगवान का स्मरण करता है, तब प्रभु उसकी रक्षा के लिए स्वयं उपस्थित हो जाते हैं। जैसे ही कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

भगवान के जन्मोत्सव पर भजन-कीर्तन, झांकी और पुष्पवर्षा के बीच पूरा पंडाल नंदोत्सव के माहौल में रंग गया। कथा आयोजक राजेंद्र पाराशर,शशी पाराशर,डा. दीपक जोशी, क्रांति जोशी ने पोथी पूजन कर व्यास पीठ पर विराजित पंडीत कुलदीप गुरु भट्ट का स्वागत अभिनंदन किया। एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार माना।

# 12 से जिलेभर में लगेंगे जनकल्याण शिविर

- वंचित हितग्राहियों का होगा पंजीयन, शिकायतों का मौके पर निराकरण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय मुख्यालय पर 12 से 18 जून 2026 तक तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बीच चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह शिविर लगाए जाएंगे।

शिविरों का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उनका पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण सुनिश्चित करना है। साथ ही आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण भी किया जाएगा।

शिविरों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत शौचालयों के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। कलेक्टर, अपर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी शिविरों में मौजूद रहकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करेंगे और यथासंभव मौके पर समाधान सुनिश्चित करेंगे।

जनकल्याण शिविरों में विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी, आवेदन और लाभ वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। साथ ही विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की प्रदर्शनी, हितग्राही संवाद, सफलता की कहानियों का प्रस्तुतीकरण और जनजागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

प्रशासन ने जिले के पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने निकटतम शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। जिन आवेदनों का तत्काल निराकरण संभव नहीं होगा, उनके लिए समय-सीमा तय कर आवेदकों को सूचना दी जाएगी।

## बबूल के कांटे हटाने की बात विवाद, लाठी से किया हमला

**रतलाम।** जिले के गांव में बबूल के कांटे हटाने की बात को लेकर हुए विवाद में मारपीट की गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार बंशीनाथ पिता मोहननाथ कालबेलिया (40) निवासी नई आबादी, सरसोदा रोड ढोढर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 जून की रात करीब 11.25 बजे उसके घर के सामने बबूल के कांटे हटाने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी बाबुनाथ पिता मेहताबनाथ कालबेलिया निवासी नई आबादी ढोढर ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए लाठी से उसके सिर पर हमला कर दिया। फरियादी का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# प्रहलाद राठौड़ की स्मृति में की गौ सेवा और वृद्धों को कराया भोजन

**रतलाम।** समाजसेवा एवं जीव-दया की भावना को साकार करते हुए राठौड़ परिवार द्वारा दिवंगत स्व. प्रहलाद सिंह राठौड़ की स्मृति में गौ सेवा एवं वृद्धजन सेवा का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न वृद्धाश्रमों में भोजन प्रसादी वितरित की गई।

रतलाम और आसपास की प्रमुख गौशालाओं में लगभग 2000 गौमाताओं को हरा चारा खिलाकर गो-सेवा का पुण्य कार्य संपन्न किया गया। सेवा अन्नपूर्णा वृद्धाश्रम (सिलावटों का वास), कुष्ठ रोगी परिवारों के वृद्धाश्रम तथा धोलावाड़ रोड स्थित ईश प्रेम बस्ती के वृद्धजनों को मीठा भोजन प्रसादी कराई गई। इसके साथ ही मांगल्य मंदिर जेवीएल स्थित श्री कृष्णा कामधेनु गौशाला, ईसरथूनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान गौशाला, श्री रामकृष्ण गौशाला तथा त्रिवेणी रोड स्थित गौशाला में गौमाताओं को हरा चारा खिलाया गया। वाघेला गौ सेवा जीव दया समिति के प्रमुख दिनेश वाघेला एवं उनकी टीम द्वारा राठौड़ परिवार के सहयोग से किया गया।

## जमीन विवाद में मारपीट

**रतलाम।** बाजना निवासी बालचंद पिता नानुराम मईड़ा (37) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 जून को दोपहर करीब 2.30 बजे उसके घर पर जमीन के विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान जितेंद्र पिता प्रकाश मईड़ा एवं पप्पू पिता मकना मईड़ा, निवासी रेहटकुआ रोड बाजना ने उसके साथ अभद्रता की। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया हैं।

# शिव महापुराण में है मोक्ष-आत्मज्ञान का मार्ग



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्री गोपालजी का बड़ा मंदिर न्यास, माणकचौक में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित शिव महापुराण कथा में आचार्य पंडित नंदकिशोर व्यास ने श्रद्धालुओं को शिव तत्व का गूढ़ ज्ञान प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शिव पुराण वास्तविक यथार्थ ज्ञान का भंडार है, जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जैसे चारों पुरुषार्थों को प्राप्त करने का मार्ग बताया गया है।

आचार्य व्यास ने कहा कि शिव पुराण की सात संहिताएं और 24 हजार श्लोक मानव जीवन के आध्यात्मिक रहस्यों को उद्घाटित करते हैं। उन्होंने बताया कि 24 हजार श्लोक मानव शरीर के 24 तत्वों का प्रतीक हैं, जबकि 25वां तत्व आत्मस्वरूप स्वयं भगवान शिव हैं। जब निष्काम भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के साथ भगवान शिव का स्मरण किया जाता है तो शरीर के छह चक्रों के साथ सहस्त्रार चक्र भी जागृत हो जाता है, जिससे आत्मा शिव स्वरूप होकर मुक्त हो जाती है।

उन्होंने कहा कि भगवान सदाशिव निराकार से साकार रूप धारण कर ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र के रूप में सृष्टि का संचालन करते हैं। सांसारिक बंधनों से मुक्ति का मूल मंत्र बताते हुए उन्होंने कहा, 'बहुत पसारा मत करो, कर प्रभु की आस, बहुत पसारा जिसने किया, वो भी हो गए निराश।' कथा के पश्चात आरती एवं प्रसादी वितरण किया गया। न्यास अध्यक्ष मनोहर पोरवाल और सचिव महेश व्यास ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में भागवत कथा, शिव महापुराण तथा आगामी दिनों में रामकथा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों का क्रम जारी रहेगा। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## घर के बाहर खड़ी कार को पिकअप ने मारी टक्कर, चालक पर प्रकरण

**रतलाम।** बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम धराड़ में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण कार दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार ग्राम धराड़ निवासी सुदीप पिता मोहनलाल परमार (40) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 जून की शाम करीब 7.30 बजे उनके घर के बाहर भाटीबड़ौदिया रोड पर खड़ी कार को पिकअप वाहन क्रमांक एमपी-43-जेडजी-0452 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर बिलपांक पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना उपनिरीक्षक दीपक डामोर द्वारा की जा रही है।

# बांगरोद में युवा कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक

**रतलाम।** युवा कांग्रेस रतलाम ग्रामीण विधानसभा की संगठनात्मक बैठक बांगरोद में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

युवा कांग्रेस ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह सेजावता ने बताया कि संगठन को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में युवा कांग्रेस की जिला प्रभारी स्वीटी पाटिल, सह प्रभारी अर्जुन नरवाले तथा जिला अध्यक्ष



मयंक जाट ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की जाएगी। साथ ही युवाओं को जिम्मेदारियां सौंपकर उन्हें संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में आगामी जनसंपर्क अभियान, संगठनात्मक कार्यक्रमों और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में किशन सिंघाड़, सैयद उस्ताद, मानवेंद्र सिंह लूनेरा, हरीश पटेल, ओपी प्रजापत, निक्कू बना, अनिल कटारिया, राजेश पाटीदार, गोपाल गुर्जर, अरुण जाट, शुभम बैरागी, गौतम जाट, आशीष गुर्जर, मनीष धाकड़ सहित अनेक युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में — सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट : नगर पालिका की टीम मौके पर ले रही तस्वीरें

# डोर-टू-डोर सर्वे शुरू, गीला-सूखा कचरा अलग न करने वालों पर नजर



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** नगर पालिका प्रशासन ने शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (ठोस कचरा प्रबंधन) के नियमों का कड़ाई से पालन कराने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है।

इसके तहत पालिका द्वारा गठित विशेष टीमें अब घर-घर जाकर (डोर-टू-डोर) गहन सर्वे कर रही हैं। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि नागरिक अपने घरों में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर रहे हैं या नहीं, और सूखा कचरा किन-किन बाल्टियों या डस्टबिन में डाला जा रहा है। सर्वे टीम सिर्फ पूछताछ नहीं कर रही, बल्कि व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए मौके पर कचरों के डिब्बों (बाल्टियों) की तस्वीरें (पिक) भी ले रही है। टीम यह सुनिश्चित कर रही है कि सूखा कचरा और गीला कचरा तय नियमों के मुताबिक अलग-अलग डस्टबिन में ही रखा जाए। जिन घरों या प्रतिष्ठानों में नियमों का पालन होता पाया जा रहा है, उनका रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है।

### लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

नगर पालिका के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, इस सर्वे के माध्यम से उन लोगों और सोसायटियों की पहचान की जा रही है जो बार-बार चेतावनी के बाद भी कचरा मिक्स करके दे रहे हैं। सर्वे रिपोर्ट और तस्वीरों के आधार पर आने वाले दिनों में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जुर्माना लगाने या अन्य दंडात्मक कार्रवाई करने की भी तैयारी है।

## खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के चेयरमैन का किया स्वागत

**जावरा।** मध्य प्रदेश सरकार के खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन पंकज जोशी प्रथम बार जावरा आगमन पर पूर्व नपाध्यक्ष अनिल दसेड़ा के ट्रैक्टर शोरूम पर उनका स्वागत व सम्मान किया। उन्होंने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत रतलाम, मंदसौर और नीमच जिले के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही हुई है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कानसिंह चौहानकी उपस्थिति में जोशी का शाल, माला, श्रीफल और साफा बांधकर भावभीना सम्मान किया गया। इसी दौरान विधवा, विकलांग और वृद्ध महिला-पुरुषों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 600 से बढ़ाकर 2000 प्रति माह किए जाने कि मांग की। लोकेश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, सुनील भावसार, राजेश चावरे, राजा चचलानी, विजय दसेड़ा, सुमित दसेड़ा, रूपेश सिसोदिया, रोहित सुमन, सुरेश दसेड़ा, सुनील मेहता, निलेश दसेड़ा, प्रकाश रावत, शुभम राठौड़, राजेश दसेड़ा मौजूद रहे।

# अष्टम वर्षगांठ : धार्मिक अनुष्ठानों में उमड़े श्रद्धालु

- हवन-पूजन, ध्वजारोहण और महाआरती के साथ श्री दुर्गा माता मंदिर की वर्षगांठ संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** स्थानीय चौपाटी स्थित सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र श्री दुर्गा माता मंदिर की आठवीं वर्षगांठ रविवार को अष्टम वर्षगांठ महोत्सव के रूप में मनाई। श्री दुर्गा माता मंदिर समिति, चौपाटी के तत्वावधान में आयोजित इस गरिमामय धार्मिक उत्सव में सुबह से लेकर देर शाम तक विभिन्न आध्यात्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चलता रहा, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और धर्म लाभ अर्जित किया। महोत्सव का शुभारंभ तड़के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। प्रात: ठीक 8 बजे माता रानी का विशेष अभिषेक किया गया, जिसमें सुगन्धित द्रव्यों से माता जी की दिव्य प्रतिमा का



अलौकिक श्रृंगार हुआ। इसके पश्चात सबसे मुख्य पड़ाव हवन पूजन अनुष्ठान का आयोजन प्रात: 9:30 बजे हुआ। इस वर्ष यज्ञ वेदी पर आहुति देने और हवन पूजन के परम लाभार्थी होने का सौभाग्य शैलेंद्र एवं शिवचरण गौड़ (गौड़ परिवार) को प्राप्त हुआ, जिन्होंने सपरिवार मुख्य वेदी पर बैठकर लोक-कल्याण और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

**गोंदीशकर वाले बलवंत सिंह ने किया ध्वजारोहण:** पूर्वाह्न 11:15 बजे मंदिर के गगनचुंबी शिखर पर नवीन धर्म ध्वज फहराने का अनुष्ठान किया गया। इस वर्ष ध्वजारोहण के मुख्य लाभार्थी होने का गौरव बलवंतसिंह (गोंदीशकर वाले) को मिला। उन्होंने अत्यंत ही श्रद्धा भाव के साथ आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच मंदिर पर ध्वज फहराया।